महिला आरक्षियों को दी बीट की जिम्मेदारी

संदेश वाहक न्यूज

श्रावस्ती। मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में जिले के सभी थाना प्रभारियों द्वारा महिला आरक्षियों की एक विशेष मीटिंग आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य महिला आरक्षियों को बीट सिस्टम में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रशिक्षित करना था। बैठक में सभी महिला आरक्षियों को उनके संबंधित बीट आवंटन की जानकारी दी गई और उन्हें जिम्मेदारी सौंपते हुए यह सुनिश्चित किया गया कि वें अपनी बीट में नियमित पेट्रोलिंग करें और

महिला आरक्षियों को बीट सिस्टम की जानकारी देते थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ।

- **अब क्षेत्र की घटना, समस्या एवं समाधान का विवरण रखेंगी महिला आरक्षी**

क्षेत्र की समस्याओं को समय पर नोट करें। इसके अलावा बीट बुक के महत्व पर भी चर्चा की गई, जिसमें बीट क्षेत्र के प्रत्येक घटना, समस्या, और समाधान का विवरण अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया। इस दौरान महिला आरक्षियों को निर्देशित किया गया कि वें नियमित रूप से अपने बीट में जाकर स्थानीय महिलाओं और बालिकाओं से संवाद स्थापित करें, उनके मुद्दों को समझें और तत्काल सहायता प्रदान करें।